फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़, जिला जयपुर राजस्थान

मन्जू वगै0 बनाम सीताराम वगै0

नं0 :– 267 / 2024

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
12.06.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। शेष अप्रार्थी 4,6 लगायत 8 अनुपस्थित। शेष अप्रार्थीगणों को बार–बार आवाज लगवाई गई तथा इन्तजार किया गया। लेकिन उपस्थित नही। अतः अप्रार्थी सं0 4, 6 लगायत 8 के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वकील उपभ्य पक्षों की बहस सुनी गई तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली वास्ते आदेश हेतु दिनांक 16.06.2025 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़ जिला जयपुर	
16.06.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। पत्रावली आदेश में विचाराधीन है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा बहस का मनन किया किया। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में अंकित बिन्दुओ को दोहराते हुए बिन्दु सं0 1 में वर्णित भूमि खसरा नम्बर 32 / 1120 रकबा 1.0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1118 रकबा 1.0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1110 रकबा 1. 0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1113 रकबा 1.0116है0 वाके ग्राम थौलाई, पटवार हल्का थौलाई, तहसील आंधी, जिला जयपुर की चारो तरफ (चारों दिशाओं) की मुकमिल पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया। वकील अप्रार्थी सं0 1, 2, 3, 5 ने अपनी बहस में निवेदन किया कि प्रार्थीगणों ने हम पडौसी खातेदारों को बिना किसी सूचना दिये हुये पटवारी हल्का से मिलकर बिना मौके पर गये करवाई है जो कि निरस्त किये जाने योग्य है। प्रस्तुत सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा खसरा नम्बर 29 गै0मु0नहर को निशान करके नापना जाहिर किया है जो कि कानूनी रूप से गलत है। क्योकि गै0मु0नहर एक चौडी व काफी लम्बाई में फेली हुई होती है जिसकी कोई टांस नही होती है। इस प्रकार सीमाज्ञान रिपोर्ट अवैधानिक है। अतः पत्थरगढी प्रार्थना पत्र खारिज किया जावें। अतः पत्रावली में उपलब्ध प्रार्थी का प्रार्थना पत्र, पैरोकार सरकार के जवाब / रिपोर्ट, अप्रार्थी सं0 1, 2, 3, 5 की आपत्ति प्रा0पत्र एवं अन्य दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। अतः अप्रार्थी सं0 1, 2, 3, 5 की आपत्ति प्रार्थना पत्र खारिज की जाती है तथा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधि0 को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार आंधी को आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी की ग्राम थौलाई, पटवार हल्का थौलाई, तहसील आंधी, जिला जयपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर खसरा नम्बर 32 / 1120 रकबा 1.0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1118 रकबा 1.0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1110 रकबा 1. 0116है0, खसरा नम्बर 32 / 1113 रकबा 1.0116है0 में यदि मौके पर फसल न हो एवं कोई स्थगन आदेश न हो तो प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणों की मौजूदगी में पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट भिजवावें। पत्थरगढी की आड में बेदखली की कार्यवाही नही की जावें। अगर किसी पडौसी खातेदार द्वारा आपत्ति करते है तो उन्हे सुनवाई का उचित अवसर प्रदान कर पत्थरगढी की कार्यवाही की जावें। निर्णय की प्रति तहसीलदार को भिजवाई जावें। निर्णय आज खुले न्यायालय मे सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर हों।	

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़ जिला–जयपुर